### आगामी 2 वर्षों में 3 हजार करोड़ रूपये के विकास कार्यों का ब्लू प्रिंट तैयार

## 3 वर्षों में कराए 1500 करोड़ रूपये के विकास कार्य : महापौर

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने यहां कहा की पिछले तीन सालों में 1500 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गये हैं। आगामी वर्षों के लिये 2 वर्षों के लिये 3 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा की हमने जो कहा था वो किया, जो कह रहे हैं वो भी करेंगे. महापौर अपने तीन साल के कार्यकाल पूर्ण होने व नगर निगम के स्थापना दिवस पर होटल विजन महल में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे. इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि निगम इतिहास में पहलीबार स्वच्छता के क्षेत्र में उड़ान भरते हुए देश में 5वॉं स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ 7 स्टार रैंकिंग, वॉटर प्लस और गार्बेज फ्री सिटी का दर्जा प्राप्त होने के साथ-साथ वायुगुणवत्ता में देश में द्वितीय स्थान और प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया गया। इसी प्रकार जबलपुर में मॉं नर्मदा का जल ए प्लस हुआ है। इसी प्रकार 3 वर्षो के कार्यकाल में लगभग 1 दर्जन से अधिक राष्ट्रीय स्तर पर नगर निगम जबलपुर को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

### महानगर की शक्ल ले रहा शहर

महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने अपने 3 वर्ष के कार्यकाल में शहर के सभी 79 वार्डो में समानता का भाव रखते हुए अरबों रूपये के अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य कराये गए. अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो के अंतर्गत सड़कों के निर्माण से लेकर, नाला-नालियों एवं पुलियों के निर्माण शामिल हैं। महापौर ने बताया कि संभाग क्रमांक 1 से लेकर 16 तक सभी मदों में लगभग 5 अरब 38 करोड़ रूपये के काम कराये गए हैं। अब जबलपुर महा नगर की

### मां नर्मदा में अब नहीं मिल रहा गंदा पानी

अब मॉं नर्मदा में गंदे नालों का पानी नहीं मिल रहा है। मॉं नर्मदा में मिलने वाले गंदे नालों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगा दिए गए हैं। मॉं नर्मदा में गंदा पानी नहीं मिलना संस्कारधानी के लिए गर्व की बात है।



### सीवर लाइन के लिए 1 हजार करोड़ रूपये की निविदा जारी

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि उनके कार्यकाल के 3 वर्षों में अमृत 1.0 अंतर्गत जोन क्रमांक 2,3,4 एवं 5 के छूटे क्षेत्रों में सीवर पाइप लाइन बिछाने का कार्य 71.4 कि.मी 60 हजार से अधिक हाउस कनेक्शन एवं 95 एम.एल.डी. के 3 बड़े एस.टी.पी. प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण कराये गए हैं।

### वायु गुणवत्ता देश में द्वितीय एवं प्रदेश में प्रथम स्थान

महापौर ने पत्रकार बंधुओं को संबोधित करते हुए बताया कि यह संस्कारधानी में रहने वाले लोगों का सौभाग्य है कि जबलपुर की वायु गुणवत्ता (नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम ए.क्यू.आई.) बहुत अच्छी है। वायु गुणवत्ता में जबलपुर का देश में दूसरा और प्रदेश में पहला स्थान है। एयर क्वालिटी इंडेक्स के सर्वे में जबलपुर संस्कारधानी रहने के लिए उत्तम पाया गया है इसके लिए एयर क्वालिटी इंडेक्स में जबलपुर को 100 अंक मिले हैं।

### 100 एसी इलेक्ट्रिक बसों की सौगात

संस्कारधानी को शीघ्र ही 100 एसी इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलने वाली है। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि इससे एक तरफ सड़कों पर ट्रैफिक कम होगा वहीं दूसरी तरफ शहर को प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा है कि सितम्बर-अक्टूबर में शहर में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू हो जाएगा।

### भारत माता मंदिर का लोकार्पण जल्द

महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने बताया कि शहर के सिविक सेन्टर उद्यान में भव्य और दिव्य भारत माता मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है, शीघ्र ही मंदिर का लोकार्पण किया जायेगा। यहॉं पर भारत माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की जायेगी।

### 200 करोड़ रूपये से कचरा कलेक्शन

महापौर ने बताया कि शहर में 200 करोड़ रूपये की लागत से कचरा कलेक्शन, सैगरीगेशन एवं बायो गैस प्लांट की स्थापना अतिशीघ्र की जाएगी। इससे शहर से रोजाना निकलने वाले ठोस अपशिष्ट का बेहतर तरीके से प्रबंधन किया जा सकेगा एवं गीला-सूखा कचरा अलग करते हुए बायो गैस प्लांट में स्तेमाल किया जायेगा।

## सड़क सुरक्षा में जबलपुर को अव्वल बनाने सभी विभाग दिखाएं इच्छाशक्ति: न्यायमूर्ति सप्रे

### हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन पर ज़ोर

हरिभूमि, जबलपुर।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि जबलपुर को सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए सभी विभागों को दृढ़ इच्छाशक्ति, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जीवन की सुरक्षा सर्वोपरि है, और इसके लिए हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन की आदत को समाज में स्थायी बनाना होगा।

बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव, अतिरिक्त कलेक्टर एवं पुलिस अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

न्यायमूर्ति सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतें चिंताजनक हैं। वर्ष 2020 से 2025 (जून तक) में करीब 3,000 मौतें सड़क हादसों में हुई हैं, जिनमें ज्यादातर युवा (20-23 वर्ष) शामिल हैं। केवल 2025 के पहले छह महीनों में 368 मौतें दर्ज की गईं हैं। इनमें 290 मौतें ब्लैक स्पॉट्स पर हुईं।



न्यायमूर्ति सप्रे ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख़्त कार्रवाई के निर्देश दिये। बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

हेलमेट और सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य किया जाए।स्कूल-कॉलेजों में छात्र बिना हेलमेट प्रवेश न करें।शासकीय कर्मचारियों को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य।शराब पीकर वाहन चलाने और तेज रफ्तार पर सख्ती।

सड़क गड्ढों की मरम्मत और ब्लैक स्पॉट्स का सुधार।सड़कों की गुणवत्ता की निगरानी और दोषियों पर कार्रवाई।

मीडिया और सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील।न्यायमूर्ति सप्रे ने कहा, जैसे कोविड में मास्क जरूरी था, वैसे ही अब हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन बचाने के लिए जरूरी हैं।

## जेल में बहनों को मिलेगी 50 रुपए में राखी किट

**जबलपुर।** आज रक्षाबंधन के त्यौहार पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय कारागार (सेंट्रल जेल) में कैदी भाईयों को राखी बांधने के लिए आने वाली बहनों के लिए विशेष प्रबंध किए गए। इस बार जेल प्रबंधन ने खास राखी किट तैयार की है और उसकी कीमत 50 रुपए तय की गई है, जो जेल के मुख्य गेट पर उस समय बहनों को दी जाएगी, जब वे बंदी भाइयों को राखी बांधने आएंगी। किट में राखी के अलावा कुमकुम, टीका और मिठाई शामिल हैं, जिन्हें जेल में ही बनवाकर पैक कराया गया है।

दरअसल, पिछले कुछ सालों से यह बात सामने आई थी कि रक्षाबंधन, दिवाली और होली के त्यौहार में बंदियों से मिलने उनके परिवारजन आते हैं और अक्सर

**बाहर से कोई भी वस्तु ले जाने पर प्रतिबंध**

कुछ न कुछ अवैध सामग्री जेल के अंदर ले जाकर बंदियों को देते हैं। इनमें कई लोग तंबाकू और सिगरेट जैसी अवैध वस्तुएं भी लाते थे। इसे देखते हुए जेल प्रशासन ने इस बार बाहर की कोई भी वस्तु लाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया।

केंद्रीय जेल जबलपुर के वरिष्ठ जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर का कहना है कि राखी से पहले ही प्रबंधन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। महिलाओं की भारी भीड़ को देखते हुए बैरिकेडिंग की गई है और विशेष सुरक्षा भी तैनात की गई है।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि राखी को लेकर एक विशेष किट जेल में ही तैयार की गई है, जिसे जेल अधिकारियों की मौजूदगी में बनाया जा रहा है। किट में त्योहार से संबंधित सामग्री रखी गई है, जिसे 50 रुपए प्रति पैकेट की दर से दिया जाएगा। किट में राखी, मिठाई, कुमकुम और फल शामिल हैं। यह किट महिलाओं को गेट पर ही उपलब्ध कराई जाएगी। बाहर से लाई गई किसी भी वस्तु को जेल प्रबंधन ने अंदर लाने की अनुमति नहीं दी है।

## उत्कृष्ट टर्नआउट पर पुलिसकर्मी हुए पुरस्कृत

### पुलिस कप्तान ने किया जनरल परेड का निरीक्षण, 126 -अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस विभाग में अनुशासन और दक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार सुबह पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में जनरल परेड का निरीक्षण किया। परेड में जिले के विभिन्न थानों से जुड़े 126 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कप्तान उपाध्याय के साथ एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एवं एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। इसके अलावा जिले में पदस्थ सभी राजपत्रित अधिकारी, शहर और देहात थानों के प्रभारी परेड में उपस्थित रहे।



### विभागीय अनुशासन, सजगता और सेवा भावना का परिचायक

एसपी उपाध्याय ने परेड में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्रेस, अनुशासन, शारीरिक उपस्थिति एवं टर्नआउट का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पुलिस परेड केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि विभागीय अनुशासन, सजगता और सेवा भावना का परिचायक है। इस दौरान बेहतर टर्नआउट वाले कर्मचारियों को मौके पर ही प्रशंसा और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### फिटनेस के साथ मानसिक अनुशासन भी विकसित

निरीक्षण उपरांत कप्तान उपाध्याय ने उपस्थित बल को संबोधित करते हुए कहा कि परेड से न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ती है, बल्कि मानसिक अनुशासन भी विकसित होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थों को नियमित रूप से परेड में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करें, जिससे कार्यक्षमता और अनुशासन दोनों में वृद्धि हो।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की हुई बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में विगत दिन 7 अगस्त को जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आायेजित की गई। जिसमें सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 भारत सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत आर्थिक दृष्टि से कमजोर, लघु तथा वृहद आय स्तर के हितग्राहियों को इंट्रेस्ट सबसिडी स्कीम घटक के अंतर्गत बैंकों के माध्यम से लाभप्रदान किये जाने पर चर्चा की गई। इन घटकों अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को गृह ऋण पर राशि रु. 1.8 लाख का ब्याज अनुदान सीधे बैंक के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। यह योजना नवीन गृह ऋण के साथ 1 सितंबर, 2024 के उपरांत स्वीकृत अथवा वितरित गृह ऋण पर भी लागू होगा। बैठक में बताया गया कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्य प्रदेश द्वारा अगस्त माह को आवास माह के रूप में मनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जबलपुर जिले मे योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने एवं अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान कराने के लिए जिले के सभी बैंकों की समस्त शाखों मे प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के शिविर का आयोजन किया जाना है। इसमें आवेदन की प्रक्रिया यूनिफाईड वेब पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। साथ ही बताया गया कि 01 सितंबर, 2024 के उपरांत स्वीकृत अथवा वितरित गृह ऋण अगर इस योजना अंतर्गत पात्र हैं तो उनको इस योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा।



### टीआई प्रवीण धुर्वे की प्रभावी विवेचना और लोक अभियोजक बबीता की सशक्त पैरवी से आरोपी को तीन धाराओं में मिली सजा

## जमीन विवाद में चचेरे भाई की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि, जबलपुर।

थाना गोहलपुर क्षेत्र में संपत्ति विवाद को लेकर चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी राजाराम उर्फ रज्जू कुशवाहा (उम्र 56 वर्ष) ने अपने चचेरे भाई भरत उर्फ भारत कुशवाहा (उम्र 38 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### जघन्य अपराध की श्रेणी में था चिन्हित

यह सनसनीखेज घटना 1 नवंबर 2019 को हुई थी, जिसके बाद थाना गोहलपुर में आरोपी के खिलाफ हत्या व आर्म्स एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। मामले को गंभीरता से



लेते हुए पुलिस अधीक्षक जबलपुर ने इसे जघन्य अपराध की श्रेणी में चिन्हित किया और तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण धुर्वे ने साक्ष्य आधारित सारगर्भित विवेचना की।

### निगरानी और सशक्त पैरवी बनी आधार

विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसकी निगरानी एएसपी जोन-5 जितेन्द्र सिंह द्वारा की गई। जिला अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक बबीता कुल्हार ने कोर्ट में सशक्त पैरवी की।

### अलग-अलग मामलों में हुई सजा

सभी साक्ष्य और गवाहों के आधार पर माननीय अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह बघेला ने आरोपी को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व 2000 जुर्माना, धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट में 2 वर्ष कठोर कारावास व 500 जुर्माना, तथा धारा 27 आर्म्स एक्ट में 3 वर्ष कठोर कारावास व 500 रुपये का जुर्माना से दंडित किया।

## पर्यावरण-संरक्षण और सतत् विकास को बना रहे हैं विभागीय कार्यों का अभिन्न हिस्सा : मंत्री सिंह

जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि विभाग अपने ध्येय वाक्य "लोक निर्माण से लोक कल्याण" को केवल सड़कों, पुलों और भवनों के निर्माण तक सीमित न रखते हुए अब पर्यावरण-संरक्षण और सतत विकास को भी विभागीय कार्यों का अभिन्न हिस्सा बना रहा है। इसी सोच को साकार करने और अभियंताओं में पर्यावरणीय जागरूकता को और गहरा करने के उद्देश्य से 11 अगस्त को रवींद्र भवन भोपाल में "पर्यावरण से समन्वय" विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक आयोजन प्रदेश के लगभग 1500 अभियंताओं को एक ही मंच पर एकत्र करेगा, जिसमें वे न केवल पर्यावरण-अनुकूल निर्माण तकनीकों का अध्ययन करेंगे बल्कि टिकाऊ विकास के नए आयाम भी सीखेंगे। मंत्री सिंह ने बताया कि कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पर्यावरणविद् गोपाल आर्य, भास्करायचार्य संस्थान के महानिदेशक टी.पी. सिंह शामिल होंगे और अभियंताओं को प्रेरक संदेश देंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा में उद्घाटन-सत्र, मुख्य अतिथियों के संबोधन, तकनीकी-सत्र और विशेष प्रशिक्षण-सत्र शामिल हैं। इस अवसर पर पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें निर्माण क्षेत्र में उपयोग होने वाली नवीनतम और टिकाऊ तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## संजीवनी नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पांच गिरफ्तार

## अंतरराज्यीय गिरोह से मिला 61 किलो गांजा

हरिभूमि, जबलपुर।

**जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर पुलिस ने एक बार फिर कड़ा प्रहार करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। संजीवनी नगर थाना पुलिस ने छत्तीसगढ़ के पांच तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर 61 किलो 545 ग्राम गांजा, दो लग्जरी कार, छह मोबाइल फोन और नकद दो हजार रुपये जब्त किए हैं। गांजा की अनुमानित बाजार कीमत करीब 12 लाख 30 हजार 900 रुपये बताई जा रही है।**

**दो लग्जरी कारें, छह मोबाइल और नगदी बरामद**

इस बड़ी कार्रवाई का खुलासा एएसपी सिटी आनंद कलादगी ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में किया। एएसपी कलादगी ने बताया कि पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत यह महत्वपूर्ण सफलता मिली है।







### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में टीआई बीडी द्विवेदी, एसआई दिनेश गौतम, एएसआई हृदय नारायण पांडे, प्रधान आरक्षक दिलीप पाठक समेत पुलिस टीम की भूमिका उल्लेखनीय रही।

### बेचने की फिराक में थे तस्कर

मुखबिर की सूचना पर बुधवार रात थाना संजीवनी नगर पुलिस को जानकारी मिली कि बेहदन रेलवे अंडरब्रिज, अंधमुख बायपास रोड पर दो कारों में सवार युवक अवैध गांजा बेचने के इरादे से ग्राहक की तलाश में खड़े हैं। सूचना मिलते ही टीम ने तत्काल घेराबंदी कर बलेनो सीजी 09 जेपी 7818 और ह्युंडई एलेंट्रा सीजी 04 सीएल 9999 को रोककर तलाशी ली, जिसमें दोनों कारों से कुल 12 पैकेट गांजा बरामद किया गया।

### छत्तीसगढ़ से जुड़े तार

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित चंद्रवंशी, हिरण प्रकाश खांडेय, राकेश टंडन, अजय जायसवाल और अकबर खान के रूप में हुई है। सभी आरोपी छत्तीसगढ़ के कबीरधाम और कवर्धा जिलों के रहने वाले हैं। आरोपियों के कब्जे से 61 किलो से अधिक गांजा, दो वाहन, छह मोबाइल फोन और दो हजार नकद बरामद किया गया है। पांचों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### पुलिस की गैंग पर लगातार सख्ती, अब तक दर्जनों इनामी बदमाश सलाखों के पीछे

# हिस्ट्रीशीटर रज्जाक का 40 हजार का फरार ईनामी गुर्गा शेखू गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक गैंग के फरार और सक्रिय गुर्गा शेखू उर्फ अब्दुल सईद को ओमती पुलिस ने गिरफ्तार कर एक और बड़ी सफलता अर्जित की है। आरोपी पर 40 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था। 44 वर्षीय शेखू उर्फ अब्दुल सईद निवासी नया मोहल्ला ओमती के खिलाफ थाना ओमती में बलवा, हत्या प्रयास, गाली-गलौच, जातिगत अपमान, धमकी देकर संपत्ति कब्जा जैसे आठ गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा सूचना देने या पकड़वाने वाले को विभिन्न मामलों में कुल 40 हजार के नगद इनाम की घोषणा की गई थी।



#### रज्जाक गैंग पर पुलिस की सख्ती बरकरार

इससे पहले 10 जुलाई 2025 को जबलपुर पुलिस ने अब्दुल रज्जाक के चार अन्य गुर्गों सरफराज, मोह. महमूद (रज्जाक का भाई), अजहर (भतीजा) और मोह. सज्जाद को गिरफ्तार कर गैंग पर करारी चोट की थी। उस दौरान पुलिस ने बीएमडब्ल्यू, मर्सडीज कार, एक पिस्टल और कारतूस भी बरामद किए थे। इसके अलावा 25 जुलाई को 18 हजार के इनामी दिलीप चौधरी, 31 जुलाई को 15 हजार का रविंद्र पटेल और 25 हजार का इनामी शाहिद अली उर्फ वालिया, 5 अगस्त को 10 हजार के इनामी मोह. जमील की गिरफ्तारी की जा चुकी हैं।

#### घर पर छिपकर देख रहा था मूवी

मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को नया मोहल्ला क्षेत्र में दबिश देकर उस वक्त गिरफ्तार किया जब वह घर पर मूवी देख रहा था। पुलिस ने अपराध क्रमांक 343/22 से संबंधित दस्तावेज और अपराध क्रमांक 410/22 में प्रयुक्त बुलेट बाइक भी जब्त की है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 1 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

शेखू की गिरफ्तारी में टीआई ओमती राजपाल बघेल, एसआई शैलेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक रामजी पाण्डेय, दीपक मिश्रा, दीपक विश्वकर्मा, आरक्षक नीरज और अश्विनी पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।

#### डिमांड पर मिली एक दिन की रिमांड

गिरफ्तार आरोपी शेखू उर्फ अब्दुल सईद को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पूछताछ में अन्य आरोपियों व गैंग की गतिविधियों के बारे में अहम खुलासे की संभावना है।



### नगर परिषद मझौली से समाधान की मांग तेज

# जगह-जगह जानवरों का जमावड़ा बना ट्रैफिक जाम और हादसों का कारण

**मझौली।** नगर के मुख्य मार्गों, तिराहों और चौराहों पर इन दिनों जगह-जगह गौ वंश का जमावड़ा देखने को मिल रहा है, जिससे शहर में यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। रक्षाबंधन पर्व के चलते बाजारों में पहले से ही भारी भीड़ उमड़ रही है, ऐसे में सड़क पर बैठे आवारा पशु लोगों की परेशानी को और बढ़ा रहे हैं। टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर वाहन चालकों को चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे लोगों को घंटों इंतज़ार करना पड़ता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इसी अव्यवस्था के कारण आए दिन छोटे-बड़े सड़क हादसे हो रहे हैं। यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। नगरवासियों ने नगर परिषद मझौली से मांग की है कि शहर में आवारा पशुओं को हांका लगाकर मझौली में बनी गौशाला में शिफ्ट किया जाए, ताकि आम जनजीवन सुचारु रूप से चल सके और दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सके।

# भगवान झूलेलाल का किया दुग्ध अभिषेक



**जबलपुर।** सिर पर भगवान झूलेलाल की बहराणा दीप, अक्षत, सिन्दूर से सजी थालियां रखकर आज सैकड़ों सिन्धी धर्मावलंबियों ने सिन्धी समाज के आस्था के महापर्व "चालीस व्रत महोत्सव मेला" में हिस्सा लिया। पारम्परिक पंजड़ा भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते महिला-पुरूष, बालक-बालिकायें अपने ईष्ट से चालीसवें को मना रहे हैं। मंदिर मे भगवान झूलेलाल का दुग्ध अभिषेक स्वामी अशोकानंद महाराज, स्वामी प्रदीप महाराज द्वारा मन्त्रोच्चार के साथ किया गया। इस मौके पर सिन्धी समाज की युवा पीढ़ी ने चाचर नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, मोतीलाल पारवानी, उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, रमेश आहूजा, लख्मीचंद खेमानी,अमित रावलानी, गोविन्द हीरानी, प्रकाश आहूजा, प्रकाश आसवानी, राजा सावलानी, राजकुमार कंधारी, कमलेश वासवानी, उमेश बुधरानी, विजय पंजवानी, कैलाश वासवानी, बिल्लू हीरानी, कीर्ति छत्तानी, गोपीचन्द्र खत्री सहित अन्य अनुष्ठान में शामिल हुए।

# सौराबाजी पोचखान वाला की 144वीं जयंती मनाई गई

हरिभूमि सिहोरा।



सर सौराबाजी पोचखान वाला की 144 वीं जयंती गाधीग्राम में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन उद्योगपति बिनोद श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य एंव क्षेत्र के प्रमुख अविनाश कुमार,शाखा के प्रमुख सुशील कुमार गुप्ता,सरवन तोमर की उपस्थिति में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बिनोद श्रीवास्तव ने संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया।शाखा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की थी। क्षेत्र के प्रमुख ने उनकी दूरदृष्टि और योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रमुख ग्राहकों ने बैंक की सेवाओं की सराहना की। तथा संस्थापक के आदर्शों के अनुरूप ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सुनील कुमार गुप्ता, अनुपमा कुमारी, कविता परिहार, गौरव श्रेयांश, विजय साहूजा, शिक्षक जे के उपाध्याय, पंडित आकर्षण त्रिपाठी, डॉ रामसिंह ठाकुर, मोहनलाल चौरसिया, संजय चौरसिया, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# एपीएन हायर सेकेण्ड्री स्कूल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**जबलपुर।** छात्र जीवन में शपथ का बहुत अधिक महत्व होता है, क्योंकि छात्र ही आगे चलकर देश का भविष्य बनाते हैं। शपथ में जब हम यह कहते हैं, कि अपने कर्तव्यो का पालन बगैर किसी भेदभाव के पूरी इमानदारी से करेगें। जिससे हम अपने विद्यालय के विकास में सहभागी बन सके। उक्त आशय के उद्गार संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये अवसर था विद्यार्थियों के शपथ ग्रहण समारोह का। विद्यालय में शाला नायिका वर्षा चौधरी, षाला नायक दिव्यांक सुखदान, ब्लू हाऊस कैप्टेन अंष गोल्हानी, रेड हाऊस कैप्टेन सागर अहिरवार, ग्रीन हाऊस कैप्टेन अनुपम उमेर, यलो हाऊस कैप्टेन तनुष्का पटेल चयनित हुये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था प्रबंधक तुलसी दास द्रविड, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सोनल खरे, प्राचार्य अजय वर्मा, सी.बी.एस.ई. प्राचार्य मुकेश चौरसिया, पार्षद अमरचन्द बावरिया, सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकायें एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।




# जटिल सर्जरी कर आपस में चिपका जबड़ा खोला





**जबलपुर।** गैलेक्सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, उखरी रोड के चिकित्सकों ने बेहद जटिल सर्जरी से पेशेंट को नया जीवन दिया है। मझौली निवासी सतीश कुमार को पुरानी चोट की वजह से मुंह खुलना बंद हो गया था। इनके दोनों जबड़े आपस में चिपक गए थे। पेशेंट के लिए खाना खाना भी मुश्किल हो गया था। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. विवेक गुप्ता ने बताया कि एग्जामिन करने पर पहले पेशेंट का सीटी स्कैन करवाया गया। तब पाया गया कि मरीज बायलेटरल एन्किलोसिस ऑफ कंडाइल नामक बीमारी से ग्रसित हैं। यह एक गंभीर स्थिति है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि हमने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सर्जरी का फैसला लिया। यह सर्जरी अत्यंत जटिल थी। लगभग पांच घंटे चले ऑपरेशन में जबड़े की हड्डी को काट कर मुंह खोलने की प्रक्रिया में सुधार किया गया। पहले पेशेंट का मुंह 2 से 3 एमएम तक खुलता था, जो कि सर्जरी के बाद 28 से 30 एमएम खुलने लगा। ऑपरेशन डॉ.गुप्ता एव्हीएन डॉ. पुनीत द्वारा किया गया।

# सेंट्रल बैंक के संस्थापक का मनाया गया जन्मदिवस



**बरेला।** भारत के प्रथम स्वदेशी एवं राष्ट्रीयकृत बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपने संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला का 144वाँ जन्म दिवस मनाया, जिसके उपलक्ष्य में क्षेत्रीय प्रबंधन अविनाश कुमार के मार्गदर्शन में शाखा-बरेला द्वारा विभिन कार्यक्रमों जैसे, वृक्षारोपण, हेल्थ चेकउप, गणमान्य नागरिको का सम्मान, पुष्प अर्पण आदि का आयोजन किया गया, जिसमें शाखा प्रबंधक राजीव शर्मा सहायक शाखा प्रबंधक अजय सिंह राठौर, कुमारी शिवानी, संजय कुमार अनिल चौधरी एवं गणमान्य नागरिक भागवत अग्रवाल, सलमान मंसूरी, अजीत कुशवाहा, वीरेंद्र पटेल, मोहित जैन, सुमित उपाध्याय, अंकित उपमन्यु आदि उपस्थित रहे।

# सत्यम बर्मन बजरंग दल के जिला संयोजक बने



**भेड़ाघाट।** विश्व हिंदू परिषद जबलपुर विभाग बैठक पाटन में संपन्न हुई जिसमें विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष सुनील भागचंद प्रांत मंत्री उमेश मिश्र प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा एवं विभाग मंत्री पंकज शिवरात्रि के द्वारा राष्ट्र, धर्म, विमर्श के विषय में आत्म चिंतन व समर्पित कार्यकर्ता कैसे बने संगठन के लिए, राष्ट्र के लिए समर्पण कैसे हो हम हिंदू समाज को संगठित कर धर्म विरोधी कार्यों को कैसे रोका जा सके इन विषयों पर चर्चा हुई इसके पश्चात नवीन पदों की नियुक्ति की गई। जिसमें सत्यम बर्मन जी को मां नर्मदा जिला संयोजक बजरंग दल के पद में नियुक्त किया गया।

# समाज को जोड़ने हेतु समरसता सेवा संगठन का प्रयास सराहनीय : आचार्यश्री

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन ने संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव के लिए आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के पावन दर्शन कर कार्यक्रम हेतु आमंत्रण दिया, इस अवसर पर आचार्य श्री ने आशीर्वचन देते हुए समाज को जोड़ने के कार्य के लिए समरसता सेवा संगठन के प्रयासों की सराहना की। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव में सभी पूज्य संतो का आशीर्वाद और सानिध्य मिलता है और हम सभी का सौभाग्य है कि पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज का जबलपुर में चौमसा हो रहा है आज संगठन के सदस्यों ने आचार्य श्री के दर्शन कर समरसता सेवा संगठन के कार्यों की जानकारी दी और आमंत्रित किया। इस अवसर पर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद्र जैन, अशोक जैन चावल, राय सेठ चंद्र कुमार जैन, अमित जैन परडिया, सुधीर जैन गोलू, संजय चौधरी, प्रदीप जैन रद्रदी, शैलेश जैन रंग वाले, मनीष जैन कल्लु, सुरेंद्र पहलवान, जितेंद्र जैन, अनिल जैन गुड्डा, वाशु जैन, राहुल जैन क्राकरी, अभिषेक बासल, मनोज सेठ उपस्थित थे।





# त्रिभुवनदास मालपाणी स्कूल में रक्षाबंधन, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर।** त्रिभुवनदास मालपाणी स्कूल में रक्षाबंधन, मेहंदी, एवं थाली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में 150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। थाली सजावट में आलीशा बानो, शाकीबा पुष्पा एवं राखी में श्याम, फलक, पीहूर रायना, टीना, उसरा विजेता रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में फरजीन, सोमाएला, जनब, खुखी, तनिष्का और माहिका को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य राजकुमार मिश्रा, सतेन्द्र गुरू, श्रीमती प्रज्ञा शुक्ला, स्वाति कोरी, विनीता विश्वकर्मा, एवं शिक्षिका सपना उपस्थित रहीं।




**श्रीमती सरोज खराटे-** तम्हेरा मोहल्ला पश्चिमी घमापुर निवासी श्री नंद किशोर खराटे की धर्मपत्नी तथा चंद्रकांत पुरंजय व जीतेंद्र खराटे की मां श्रीमती सरोज खराटे (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण प्रसाद गुप्ता-** सुहागी पंजाब एंड सिंध बैंक के पास निवासी श्री नारायण प्रसाद गुप्ता (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सौरभ बेन-** रामपुर आजाद चौक बेन मोहल्ला निवासी श्री गेंदा लाल बेन के पुत्र श्री सौरभ बेन (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री हिरणमय मंडल-** इंद्रा नगर व्हीकल निवासी श्री हिरणमय मंडल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कला बाई गोंटिया-** वल्दी कोरी की दफाई रज्जन डेयरी के पास निवासी श्री कल्लू गोंटिया की धर्मपत्नी श्रीमती कला बाई गोंटिया (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आलमी देवी-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री कुंदन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती आलमी देवी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री बद्री प्रसाद कोल के पुत्र श्री राजेंद्र कोल (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम गोपाल मिस्त्री-** दीक्षित कॉलोनी माढ़ोताल निवासी श्री राम गोपाल मिस्त्री का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोती लाल कोल-** रिषी नगर ग्राम खैरी करोंदा नाला पेट्रोल पंप के पास अधारताल निवासी श्री मोती लाल कोल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप दामन-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री दिलीप दामन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नोतन दास भोजवानी-** आदित्य कॉलोनी आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री नोतन दास भोजवानी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पुरुषोत्तम लाल सेन-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री पुरुषोत्तम लाल सेन (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती उज्जवला सराठे-** मानेगांव चंपानगर रांझी निवासी श्री अनिल सराठे की धर्मपत्नी श्रीमती उज्जवला सराठे (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश कोल-** सिद्धनगर मानेगांव रांझी निवासी श्री गोपी लाल कोल के पुत्र श्री सतीश कोल (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती राजकुमारी विश्वकर्मा-** शास्त्री ब्रिज नरसिंह मंदिर के पास निवासी श्री विजय कुमार विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी विश्वकर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीप नारायण सिंह-** विवेक कॉलोनी अधारताल निवासी श्री दीप नारायण सिंह (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुशीला प्रसाद-** राजुल एक्जाटिका कजरवारा बिलहरी रोड निवासी श्री वीरेश्वर प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला प्रसाद (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

# डंपर ने ट्रेक्टर को मारी टक्कर, ट्रेक्टर के आगे पैदल चल रहे 2 कावड़ियों की मौत, 9 घायल







**सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत चोर गरठिया ग्राम के समीप नेशनल हाइवे 44 पर देर रात एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। जहां पैदल चल रहे कबाडि़यों के पीछे चल रहे ट्रेक्टर को एक तेज रफ्तार डम्फर ने टक्कर मार दी जिसके कारण 2 काबडियो की मौत हो गई और 9 काबडियो घायल हो गए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जानकारी के अनुसार काशी (बनारस) से कुछ $काबडिया महाराष्ट्र राज्य के ग्राम पातुर जिला अकोला जल भरकर पैदल ले जा रहे थे। और उनके साथ ट्रेक्टर सहित फोरव्हीलर वाहन आगे पीछे चल रहे थे। जब वे बंडोल थाना क्षेत्र के चोर गठरिया ग्राम के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग 44 में पीछे से आ रहे तेज गति डम्फर ने ट्रेक्टर को टक्कर मार दी जिसके कारण ट्रेक्टर के आगे $काबड लेकर पैदल चल रहे 2 काबडियो की मौत हो गई। और 9 घायल हो गए। सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पैदल चल रहे कांवडिय़ों के पीछे चल रहे ट्रैक्टर को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जो कांवडिय़ों पर चढ़ गया। इस हादसे में 2 कांवडिय़ों की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। चोर गरठिया ग्राम के समीप नेशनल हाईवे-44 पर देर रात 11 बजे हादसा हुआ। इस घटना के बाद डंपर चालक मौके पर डंपर छोडक़र फरार हो गया। काशी (बनारस) से कुछ कांवडि़ए महाराष्ट्र राज्य के अकोला जिले के पातुर ग्राम जल भरकर पैदल जा रहे थे। उनके साथ ट्रैक्टर और फोरव्हीलर वाहन भी आगे-पीछे चल रहे थे। जब वे बंडोल थाना क्षेत्र के चोर गठरिया ग्राम के पास राष्ट्रीय राज्य मार्ग 44 पर थे, तभी पीछे से आ रहे तेज गति डंपर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी।

## इनकी हुई मौत

इस हादसे में ट्रैक्टर के आगे कांवड़ लेकर पैदल चल रहे दो कांवडिय़ों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के नाम अविनाश पिता विजय पोहरे (30 वर्ष) और बंडूबन पिता पांढुराम बन्ड हैं। दोनों मृतक मजदूरी करते थे। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ये हुए घायल

घायलों के नाम विठ्ठल पिता देवदास मोरथ (32 वर्ष), रंशूकेश पिता जगन्नाथ वानखेड़े (32 वर्ष), रूपेश पिता लक्ष्मण सोनोने (30 वर्ष), अभिषेक पिता मानसिंह कोहरे (26 वर्ष), सचिन पिता राम ढगे (26 वर्ष), सतीश पिता सुभाष तायड़े (34 वर्ष), पुरुषोत्तम पिता काशीराम गिहरे (52 वर्ष), कुलदीप पिता सुधाकर गाडगे (25 वर्ष) और गौतम पिता महेंद्र उकवे (31 वर्ष) हैं। सभी घायल अकोला जिले के पातुर के निवासी हैं।

## डंपर चालक मौके से फरार

बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम का कहना है कि पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। मौके से फरार डंपर चालक की तलाश की जा रही है। डंपर के नंबर से डंपर मालिक और चालक के संबंध में जानकारी निकाली जा रही है। पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा कैसे हुआ।

# अंगदान कर कई ज़िंदगियों में बसेंगे सतेंद्र यादव, गार्ड ऑफ ऑनर से दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कहते हैं, इंसान अपने कर्मों से अमर होता है। ग्राम पंचायत अतरिया के ग्राम बिछुआ निवासी सतेंद्र पिता रोहिणी प्रसाद यादव ने अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी मानवता की सबसे बड़ी मिसाल पेश की। जबलपुर में सड़क दुर्घटना में दुखद निधन के बाद उनके परिजनों ने उनका दिल, किडनी और लिवर दान कर कई ज़िंदगियों को नई सांसें दे दीं।

प्रदेश शासन की पहल पर, कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में सतेंद्र को अंतिम यात्रा के समय गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। शव के घंसौर पहुँचने पर एसडीएम श्री बिसन सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में, नम आँखों और गर्व से भरे दिलों के साथ अंतिम विदाई दी गई। प्रदेश शासन ने अंगदान करने वाले महान व्यक्तियों को गार्ड ऑफ ऑनर देने का विशेष निर्देश दिया है, ताकि उनकी निस्वार्थ सेवा हमेशा याद रखी जाए और समाज में प्रेरणा का संचार हो। सतेंद्र भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी दी हुई ज़िंदगी और उनकी मानवता हमेशा ज़िंदा रहेगी।

## नशे में मद अवस्था में मिले दो व्यक्ति पर की गई कार्यवाही

बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय केवलारी में चार लोग शराब पीकर सार्वजनिक स्थान में नशे में मद अवस्था मे पाए जाने पर तत्काल आरोपी रंजीत पिता प्रीतम पंचेश्वर उम्र 25 साल निवासी खरसारु , धीरज धुर्वे पिता गैराजी धुर्वे उम्र 28 साल खिरसारु राजेंद्र पिता बलिराम जंघेला उम्र 50 साल केवलारी अनिल पिता नंदुलाल आर्मो उम्र 36 साल राजू कॉलोनी मंडला के विरुद्ध धारा 36 बी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आगामी समय में जो भी व्यक्ति आम जगह बस स्टैंड स्कूल मंदिर आदि सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करता हुआ पाये जाने पर उनके विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## इंस्ट्राग्राम में फोटो डालकर बदनाम करने का आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** 6 अगस्त को आवेदिका (परिवर्तित नाम) के व्दारा थाना चचाई में इस आशय का शिकायत आवेदन पत्र दिया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया इंस्ट्राग्राम में फर्जी आईडी बनाकर प्रायवेट फोटो कट कापी कर अश्लील फोटो बनाकर इंस्ट्राग्राम सोशल मीडिया में बदनाम करने के ईरादा से वायरल किया गया है जिससे आवेदिका का इज्जत खराब हुआ है तथा समाज में बदनामी हुई है। आवेदिका की शिकायत आवेदन पत्र की जांच की गई एवं अज्ञात व्यक्ति के व्दारा पीड़िता के अश्लील फोटो वायरल किये जाने संबंधी की जानकारी सायबर सेल अनूपपुर से प्राप्त की जाकर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना चचाई में अप० क्र० 200/25 धारा 79 बीएनएस एवं 66डी, 67ए, 67 आई टी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। दौरान विवेचना सायबर सेल से प्राप्त जानकारी के आधार पर इंस्ट्राग्राम में फर्जी आई डी बनाकर पीड़िता की अश्लील फोटो वायरत करने वाले व्यक्ति के इंस्ट्राग्राम आई डी में लागिन मोबा० नं० का पता लगाकर मोबाईल धारक आरोपी श्याम लाल प्रजापति पिता स्व० सुखदेव प्रजापति उम्र 40 वर्ष एवं उसके साथी अशोक प्रजापति पिता रामा प्रजापति उम्र 20 साल दोनों नि० ग्राम बकही थाना चचाई जिला अनूपपुर को दस्तयाब कर आरोपी श्यामलाल से मोबाइल जप्त कर उक्त प्रकरण में आरोपियो को गिरफ्तार कर आई टी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है।

## गोंदिया-बालाघाट रेल खंड में टूटा विद्युत तार

# गोंदिया-बालाघाट, कटंगी-तिरोडी रेल खंड में परिचालन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट/कटंगी।

गोंदिया-बालाघाट रेलखंड में शुक्रवार की सुबह एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई. सुबह 7 बजे गोंदिया स्टेशन आउटर बालाघाट की दिशा में विद्युत प्रवाह करने वाले रेलवे ओवर हेड वायर टूट गया. जिससे अचानक से यात्री ट्रेनों का परिचालन थम गया. गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी, के मध्य परिचालित होने वाली मेमू ओर डेमू ट्रेन के पहिए जहां थे वहीं थम थम गए. मेमू ट्रेन वारासिवनी और बालाघाट के साथ हट्टा, बिरसोला और साथ ही गोंदिया जबलपुर रेल खंड में भी परिचालित होने वाली यात्री ट्रेनों भी जहाँ के वहाँ गोंदिया और बालाघाट स्टेशन में ही रुक गई. आनन-फानन में तत्काल रेलवे इलेक्ट्रिकल तकनीकी विभाग का अमला मौके पर पहुँचा. जिसने सुधार कार्य प्रारंभ किया लेकिन इसमें काफी अधिक वक्त लग गया जिस कारण सभी ट्रेनों के परिचालन में बहुत दिक्क़तें आई. कटंगी क्षेत्र की एक मात्र जीवन रेखा कही जाने वाली सारी यात्री ट्रेन घंटो लेट हो गई. गाड़ी संख्या 78803/4 गोंदिया कटंगी गोंदिया डेमु ट्रेन जो सुबह साढ़े 8 गोंदिया से निकल कर 10 बजकर 45 मिनट में कटंगी पहुँचती है और फिर 11 बजकर 20 मिनट को कटंगी से निकल कर 1 बजकर 40 बजे गोंदिया पहुँचती है यह दोपहर 3 बजे तक आज ना गोंदिया से निकली है ना ही कटंगी पहुँची है इस ट्रेन का कोई अता पता नही रहा।

त्योहार के सीज़न में ट्रेनों की लेटलतीफी पड़ रही भारी

गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी तिरोडी रेल खंड के मध्य परिचालित होने वाली यात्री मेमू ओर डेमु ट्रेनों की लेटलतीफी होना कोई बड़ी बात नही रही है, ट्रेनों की लेट लतीफी अब इस बालाघाट वारासिवनी कटंगी तिरोडी क्षेत्र की जनता के जीवन का हिस्सा बन चुका है जहाँ यात्री ट्रेनों का एक से तीन घंटे तक लेट होना स्वाभाविक हो चुका है. देखा जाए तो प्रतिदिन गाड़ी संख्या क्रमांक 68803 बल्लारशाह गोंदिया मेमू ट्रेन के गोंदिया आने में रोज़ दो से ढाई घंटे लेट होकर गोंदिया पहुँचती है. जिससे गाड़ी संख्या 68809/10 गोंदिया बालाघाट वारासिवनी कटंगी होकर तिरोडी पहुंचने वाली ट्रेन गोंदिया अपने प्रारम्भिक स्टेशन से स्वतः लेट हो जाती है. इस ट्रेन के लेट होने से इसके पेयरिंग रैक गाड़ी संख्या 68811/12 गोंदिया बालाघाट वारासिवनी होकर कटंगी पहुँचने वाली ये ट्रेन भी गोंदिया अपने प्रारम्भिक स्टेशन से लेट हो जाती है. इस समस्या का समाधान अति आवश्यक है जिसके ऊपर ध्यान ना रेल विभाग दे रहा है ओर ना ही रेल्वे सलहाकर समिति से जुड़े सदस्य और जनप्रतिनिधि भी ट्रेनों की लेट लतीफी के सुधार के लिए कोई ठोस कदम और कार्यवाही नही कर रहे है केवल जनता को ट्रेनों की लेट लतीफी की मार झेलनी पड़ रही है. हालांकि रेल विभाग द्वारा 15 जुलाई से 2 साल से अधिक समय से बंद चल रही डेमू ट्रेन की सेवा पुनः बहाल की थी. मगर इन ट्रेनों के सेवा बहाल करने का भी कोई औचित्य समझ नहीं आ रहा क्योंकि ये ट्रेन भी लेट चल रही है और इसके कारण पूर्व से चलने वाली यात्री ट्रेन और लेट होने लगी और जिसमें से एक फेरा ट्रेन तो लगभग खाली चल रहा है।



# सोनेवानी अभ्यारण में हुई बाघिन की मौत में गठित एसआईटी टीम पर पूर्व विधायक किशोर समरीते ने किये सवाल



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** संयुक्त कांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लांजी के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने लालबर्रा क्षेत्र के सोनेवानी अभ्यारण के जंगल में बाघिन की मौत मामले में हुई एसआईटी टीम के गठन में वन विभाग पर सवाल खड़े किए हैं। उनका मानना है कि एसआईटी टीम में जो अधिकारी, कर्मचारी का गठन किया गया है, वह उस स्तर के अधिकारी, कर्मचारी नहीं है। उन्होंने बाघिन के अवशेष को लेकर भी जांच किए जाने की मांग की है। आपको बता दे की बीते कुछ दिनों लालबर्रा क्षेत्र के सोनेवानी अभ्यारण में एक मादा बाघिन की मौत का मामला सामने आया है, जो अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसमें विभाग ने भी एसआईटी टीम का गठन कर दिया है। इस पूरे मामले में अभी भी विभाग की जांच चल रही है । इस मामले में संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लांजी के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने बताया कि एसआईटी टीम का जो विभाग ने गठन किया है। उसमें उस स्तर के अधिकारी सम्मिलित नहीं है। साथ ही मृत बाघिन के अवशेष को भी संज्ञान लेने की बात उन्होंने कही है, लगातार कट रहे बनों पर भी सवाल उठाए हैं। वनों की भी जांच किए जाने की बात पूर्व विधायक द्वारा कही गई है। उन्होंने मोहन सरकार से मांग की है कि आज वन विभाग उनके पास है। उन्हें इन सब विषय पर संज्ञान लेने की आज वन विभाग की टास्क फोर्स कोई काम नहीं कर रही है । उन्होंने कहा की बाधिन की मौत का विषय अब बड़ा हो गया है। इस पूरे विषय में सरकार को संज्ञान लेना चाहिए। दक्षिण सामान्य वन मंडल के डीएफओ ने मृत बाघिन का पीएम करवाना था। इसकी अंतिम क्रियाविधि होती है, वह नही की गयी मृत बाघिन की मृत्यु के बाद नियम अनुसार उसके शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया। आज छोटे कर्मचारियों पर ही विभाग कार्यवाही कर रहा हैं। जबकि इस पूरे विषय में बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई होनी थी। उन्होंने बताया कि यदि 10 वर्ष का आंकड़ा निकाली जाए तो कई बाघों की मौत को जानकारी निकाल कर सामने आएगी और हर मामले में लापरवाही भी सबके सामने उजागर होगी। उन्होंने मांग की है कि मुख्यमंत्री इस पूरे मामले को अपने संज्ञान में लेते हुए। यहां के संबंधित बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई करें।

# लापता युवती का कुएं में मिला शव

### परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट



**सतना।** जिले के सभापुर थाना क्षेत्र के पडुहरा गांव में एक 19 वर्षीय युवती का शव कुएं में तैरता हुआ मिला है। युवती गुरुवार शाम से लापता थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देवेंद्र पाठक की बेटी प्रांशी पाठक गुरुवार शाम से घर से गायब थी। परिजनों ने उसे आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजा। शुक्रवार सुबह परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। इसी बीच ग्रामीणों को गांव के बाहर खेत में स्थित एक कुएं में युवती का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिरसिंहपुर उप स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शंखधर द्विवेदी ने बताया कि परिजनों के बयान के बाद ही यह पता चल पाएगा कि यह घटना एक हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। मामले की सभी एंगल से जांच जारी है।

# ओबीसी प्रदेश महासचिव प्रेमिका के साथ पकड़ाया पत्नी ने प्रेमिका को पीटकर किया लहूलुहान

**रीवा।** शहर के एक चर्चित सामाजिक संगठन के प्रदेश महासचिव पर लगे इन गंभीर आरोपों ने प्रशासन और आमजन दोनों को झकझोर कर रख दिया है। मामला विछिया स्थित पीएम आवास कॉलोनी का है, जहां बीते दिनों एक आपत्तिजनक घटनाक्रम के वीडियो वायरल होने के बाद पूरे शहर में चर्चाओं का दौर जारी है। घटना उस समय सामने आई जब संबंधित नेता की पत्नी को सूचना मिली कि उनका पति एक युवती के साथ पीएम आवास कॉलोनी के एक फ्लैट में मौजूद है। वह कुछ परिचित महिलाओं के साथ मौके पर पहुंची, दरवाजा खुलवाया और हंगामा शुरू हो गया। अंदर का नजारा देखकर माहौल और तनावपूर्ण हो गया। महिला ने युवती के साथ मारपीट का आरोप लगाया है, वहीं नेता मौके से पीछे के रास्ते पाइप के सहारे फरार हो गया।सुचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। युवती को चोटें आने पर मेडिकल परीक्षण कराया गया है। उसकी ओर से भी एफआइआर दर्ज कराने के लिए कोई आवेदन नहीं किया गया है। युवती के साथ पाए गए ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव पप्पू कनौजिया से जुड़ा घटनाक्रम होने की वजय से दिनभर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। पप्पू कनौजिया ओबीसी महासभा के नेता है और दूसरी जातियों को लेकर आए दिन सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कंटेट भी पोस्ट करते है। इस कारण लोगों ने कार्रवाई की मांग उठाई है।वही दूसरी ओर घटना के बाद कॉलोनी के रहवासियों ने जो आरोप लगाए, वे और भी चौंकाने वाले हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित सामाजिक नेता ने न केवल खुद के नाम पर, बल्कि अपने करीबियों के नाम पर भी योजना के अंतर्गत एक से अधिक फ्लैट हथिया लिए हैं। बताया जा रहा है कि ऐसे करीब 12 फ्लैटों का किराया वसूल कर बाहरी लोगों को किराए पर दे रखा गया है, जहां संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें भी मिल रही हैं। बॉक्स पति ड्रेनेज पाइप पकड़ तीसरी मंजिल से उतरापप्पू कनौजिया की पत्नी वंदना कनौजिया कुछ समझ पाती मौका देखकर पप्पू कनौजिया तीसरी मंजिल के फ्लैट से ड्रेनेज पाइप के सहारे नीचे उतरकर भाग गए। फ्लैट में वंदना कनौजिया ने दरवाजा बंद कर पति की प्रेमिका की पिटाई शुरू कर दी। दोनों की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर मौके पर बिछिया थाना से पुलिस पहुंची। बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने लहूलुहान प्रेमिका को फ्लैट से सुरक्षित बाहर निकाला। वही पत्नी ने घटना का वीडियो पुलिस को सौंपा। बॉक्स पार्षदों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांगघटना के बाद वार्ड-44 की पार्षद अर्चना अमृत मिश्रा ने महापौर और नगर निगम आयुक्त से पत्र लिखकर योजना की संपूर्ण जांच और अपात्र लाभार्थियों की सूची जारी कर आवंटन निरस्त करने की मांग की है। अन्य वार्डों के पार्षदों ने भी प्रशासन से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित करने की मांग उठाई है।बॉक्सनेता की पत्नी ने मांगी सुरक्षा, वीडियो जारी कर लगाए धमकी के आरोपविवाद के बाद नेता की पत्नी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर स्वयं और बच्चों की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि पति द्वारा उन्हें फोन पर धमकाया जा रहा है।

### शिक्षकों को सम्मानित करना पुनीत कार्य है: पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस थोटा

# बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माता हैं शिक्षक

हरिभूमि, पन्ना

शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व की तरह इस वर्ष भी 8 अगस्त को एक बार फिर इतिहास में साक्षी बना। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार जिन्होंने शिक्षक सम्मान के इस कार्य को लेकर मीडिया की भूमिका में सर्वोत्तम कार्य ठहराया वहीं छात्रों के हक में शिक्षकों के द्वारा बहुत अच्छा कार्य करने को लेकर प्रेरित किया। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी के कार्यों को भी मुख्य अतिथि ने सराहना की। साथ ही पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस थोटा ने जहां शिक्षक सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि की असंदी से शिक्षकों को सम्मानित करना पुनीत कार्य बताया। वहीं सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन ने भी अच्छे कार्य के रूप में इसे बयां किया। डीपीसी अजय कुमार गुप्ता ने जिले में शिक्षकों की दक्षता व कार्य से प्रदेश स्तर तक जो कार्य किये जा रहे है उसको सराहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने भी इस कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों के दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वाहन में जहां इस तरह के कार्यक्रमों से प्रोत्साहन मिलना उचित बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दक्षिण वन मण्डल अधिकारी पन्ना अनुपम शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माता शिक्षक होते है वहीं बच्चे तो पौधों की तरह होते है जिनको आप सभी ऊर्जा देते है। शिक्षक सम्मान समारोह में जहां प्राचार्यों सहित शिक्षकों के कर्तव्यों के बदौलत जो आज शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम जिले में साबित हुए वहीं प्राचार्यों की भूमिका साथ ही शिक्षकों के दायित्व व कर्तव्यों को ध्यान में रखकर उन्हें सम्मान से नवाजा गया। शिक्षक वह मोम बत्ती है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश की दिशा देने को लेकर जाने जाते है। राष्ट्र के निर्माता के रूप में योगदान हमारे शिक्षकों का ही सर्वश्रेष्ट है। जिले में प्राथमिक शिक्षा से लेकर माध्यमिक शिक्षा व हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी में छात्र-छात्राओं के भविष्य के निर्माण को लेकर जिन शिक्षकों का योगदान है वहीं उनके प्राचार्यों का मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में आज शिक्षा के क्षेत्र में जो सतत जिला विकास की दिशा तय कर रहा है जहां शिक्षक सम्मान समारोह के कार्यक्रम में सभी ऐसे शिक्षकों व प्राचार्यों को सम्मान से नवाजा जो शुक्रवार 8 अगस्त का दिन साक्षी बना। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में प्रमुख रूप से श्यामेन्द्र सिंह उर्फ, सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी, डॉ. अभिषेक जैन विनोद मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे। इस अवसर पर शासकीय रूद्र प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 की प्राचार्या श्रीमती सुधा पटेरिया, शासकीय रूद्र प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 की प्राचार्या श्रीमती रंजना खरे सहित अन्य प्रार्चायों को विशिष्ट सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया। वहीं जिलेभर से प्राचार्यों तथा शिक्षकों की उपस्थिति के साथ-साथ डाईट सभागार में जहां सीएसी, बीएसी तथा अन्य शिक्षकगणों की उपस्थिति देखते ही बनती थी। अजय चैरसिया सलेहा, विनोद पाठक पवई, राजकमल पाण्डेय शाहनगर, नन्हें खान अजयगढ़, दीपक द्विवेदी सिमरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील पांड, सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रमोद अवस्थी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन करण त्रिपाठी द्वारा किया गया।





### पैर की टूटी हड्डी हाथ में लेकर एसपी के पास पहुंचा युवक

# पुलिस पर लगाए टक्कर मारने वाले पर कार्रवाई न करने के आरोप

छतरपुर।

जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र में करीब 6 माह पूर्व ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक को न केवल शारीरिक पीड़ा झेलनी पड़ रही है, बल्कि पुलिस की निष्क्रियता ने भी उसका दुख बढ़ा दिया है। शुक्रवार को न्याय की आस में युवक अपने पैर की टूटी हड्डी हाथ में लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा, जहां उसने टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी।

ग्राम कल्याणपुर निवासी रामकेश पाल ने बताया कि 12 फरवरी 2025 को ग्राम मुड़ेरी में बृजेन्द्र त्रिवेदी निवासी मढ़ा ने अपने से ट्रैक्टर उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में उनके पैर में गंभीर चोट आई और हड्डी टूट गई। रामकेश के मुताबिकक इलाज पर अब तक सात से आठ लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और उपचार अभी भी जारी है। रामकेश ने लवकुशनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने न तो ट्रैक्टर मालिक बृजेन्द्र त्रिवेदी के खिलाफ कोई कार्रवाई की और न ही वाहन को जब्त किया। रामकेश ने आरोप लगाया कि पुलिस ने प्रकरण में बृजेन्द्र का नाम तक दर्ज नहीं किया है। न्याय की उम्मीद खो चुके रामकेश ने अपने पैर की टूटी हड्डी दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक से ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## डॉ. मनोज चौधरी ने दो बच्चों के गले से निकाले सिक्के

वहीं जिला अस्पताल में डॉ. मनोज चौधरी ने अपनी विशेषज्ञता से एक बार फिर दो बच्चों की जान बचाई, जिन्होंने खेलते समय सिक्के निगल लिए थे। बताया गया है कि उत्तरप्रदेश के महोबा गांधीनगर निवासी 4 वर्षीय आरुषि पुत्री सुरेंद्र शर्मा ने शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे 5 रुपये का सिक्का निगल लिया। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने असमर्थता जताई। इसके बाद वे छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचे।

## भद्रा का नहीं रहेगा प्रभाव, शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर बहनें बांधेगी राखी

# 95 साल बाद शोभन-सर्वार्थ सिद्धि योग, श्रवण नक्षत्र व पूर्णिमा संयोग में आज मनाया जाएगा रक्षाबंधन पर्व

हरिभूमि, जबलपुर

भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन 95 साल बाद शोभन योग सर्वार्थ सिद्धि योग श्रवण नक्षत्र पूर्णिमा संयोग में श्रद्धा और उमंग से मनाया जाएगा। पंडित शिवशंकर दुबे ने बताया कि 95 सालों बाद शोभन योग सर्वार्थ सिद्धि योग श्रवण नक्षत्र पूर्णिमा संयोग बन रहा है। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। राखी के मौके पर सूर्योदय से पहले ही भद्रा समाप्त हो जाएगी, लेकिन इस बार राहुकाल का साया रहेगा। भद्रा की तरह राहु काल में भी राखी बांधना अशुभ माना जाता है।

ऐसे में इस दौरान बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधने से बचना चाहिए। इस बार सावन की पूर्णिमा 8 अगस्त को दोपहर को लगेगी और 9 अगस्त के दिन में करीब 1 बजकर 34 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि होने की वजह से 9 अगस्त को ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा। वैसे तो राखी बांधने का शुभ मुहूर्त इस बार सुबह 5 बजकर 47 मिनट से दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक रहेगा। इसी शुभ मुहूर्त में 1 घंटे 40 मिनट के लिए राहु काल भी रहेगा। सुबह 9 बजकर 7 मिनट से लेकर 10 बजकर रहेगा। इस दौरान राखी बांधना उचित नहीं रहेगा।



### पाताल लोक में होगा भद्रा का वास

*9 अगस्त को चंद्रमा का गोचर मकर राशि में रहेगा। ऐसे में भद्रा का वास पाताल लोक में होगा और भद्रा का मुख अधोमुखी होगा,यानी नीचे की तरफ होगा। ऐसे में 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व भद्रा रहित होने से कारण सुबह से ही मनाना शुभ रहेगा। जब भी भद्रा का वास धरती लोक पर होता है तो उस समय कोई भी शुभ कार्य करना हो तो वह भद्रा रहित काल में ही करना चाहिए। वरना व्यक्ति को शुभ फल नहीं मिल पाता है। हालांकि, इस साल रक्षाबंधन पर भद्रा का वास नहीं है तो आप आसानी से त्योहार मना सकते हैं।*

### वर्ष 1930 जैसा बन रहा अद्भुत संयोग

*पंडित शिवशंकर दुबे ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन पर 1930 जैसा ही अद्भुत संयोग बन रहा है। 9 अगस्त को रक्षाबंधन शनिवार को ही पड़ रहा है, जैसे उस वर्ष पड़ा था। उस समय भी भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त हुई थी और इस बार भी ठीक वैसा ही हो रहा है। पूर्णिमा तिथि भी 8 अगस्त को मात्र 5 मिनट के अंतर से शुरू हो रही है।*





## जिला स्थाई शिक्षा समिति की बैठक संपन्न

### विद्यार्थियों की शिक्षा एवं सुरक्षा हो सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि, जबलपुर।

जिला स्थाई शिक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत जबलपुर के सभाकक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता माननीय विवेक पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत एवं अध्यक्ष शिक्षा समिति ने की। बैठक में सर्वप्रथम पीपीटी के माध्यम से विभागीय योजनाओं गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं समस्त माननीय सदस्यों ने कहा कि जर्जर भवन में किसी भी स्थिति में कक्षाओं का संचालन न हो.सभी शालाओं का नियमित निरीक्षण हो जिसका प्रमुख उद्देश्य शिक्षक छात्रों की समय पर उपस्थिति, बच्चों की पढ़ाई, शालाभवन, शौचालय, किचिन शेड, मधयाह्न भोजन का सूक्ष्म निरीक्षण हो. शासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए जारी सभी योजनाओं पाठ पुस्तक का वितरण, साइकिल वितरण, लैपटॉप, स्कूटी की राशि वितरण, छात्रवृत्ति का राशि वितरण सभी पात्र विद्यार्थियों को समय सीमा में सुनिश्चित हो. शाला भवन के छत को साफ करा दे,जल भराव किसी स्थिति में न हो. जर्जर भवनों को तत्काल गिराने की कार्यवाही की जावे. बिजली के तार कटे,खुले न हो. जिन विद्यालयों में निर्माण, मरम्मत कार्य हो रहा है। बैठक में माननीय सदस्य गणों के साथ जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, सहायक संचालक, सहित एपीसी,बीईओ, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य, बीआरसी, उपस्थित रहे।

## पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता में दिखे "राष्ट्रभक्ति के रंग"

**जबलपुर।** शासकीय महाविद्यालय बरगी में "कारगिल विजय दिवस पखवाड़ा" के अंतर्गत **NSS** इकाई एवं स्वामी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ द्वारा 'भारतीय सेना का शौर्य प्रदर्शन' विषय पर पोस्टर/स्लोगन रचनात्मक प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने रंगों और शब्दों के माध्यम से शहीदों की वीरगाथा, देशभक्ति व राष्ट्रसेवा की भावना को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय चेतना व सृजनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पदमा माहेश्वरी के द्वारा हुई। आयोजन में **NSS** पूर्व अधिकारी डॉ. सुनीता कुजूर एवं **svcgs** पूर्व प्रभारी डॉ. अमिता सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमा अरमो एवं डॉ नवलसिंह लोधी के निर्देशन के साथ डॉ. एके दासगुप्ता, विशाल यादव का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में अधिकारियों ने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों के अद्वितीय साहस और बलिदान को शब्दों और रंगों के माध्यम से व्यक्त करना आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।" प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रस्तुत पोस्टरों और स्लोगनों में कारगिल के शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि, राष्ट्र सेवा, सैनिकों के पराक्रम और "मैं नहीं, तुम" जैसे **NSS** मूल्यों की गूंज सुनाई दी। इस प्रतियोगिता में स्नातक स्तर के लगभग 15 विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान दिया।





## राखी बनाओ, मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता में छात्राओं ने जीते पुरस्कार

**जबलपुर।** श्री गुरु नानक महिला महाविद्यालय में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी बनाओ एवं मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी के द्वारा आयोजन की सफलता हेतु वरिष्ठ सदस्य डी.एस. मैनी, अध्यक्ष जी.एस. बांगा, उपाध्यक्ष परमजोत सिंह बांगा, सचिव जसप्रीत सिंह आहूजा, कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह दुआ ने शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. विमलकांत सैनी ने अवलोकन करते हुए कहा रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है।राखी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अल्फिया बानो, द्वितीय स्थान निदा अंजुम, तृतीय स्थान उर्मिला बेन, सांत्वना मानसी काछी, सान्या बानो एवं मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशी चौरसिया एवं पूर्णिमा मार्वे, द्वितीय स्थान स्नेहा सोनी, तृतीय स्थान प्राप्ति बर्मन, सांत्वना श्वेता कुशवाहा को मिला। प्रतियोगिता में साक्षी श्रीवास, स्नेहा गुप्ता, शगुफ्ता, मलायका, रूमान सारा, मुस्कान कश्यप ने भाग लिया। सभी सहायक प्राध्यापकों एवं छात्राओं का सहयोग सराहनीय रहा।

### प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति समाप्त की जाए

**जबलपुर।** प्रदेश के किसी भी विभाग के प्रतिनियुक्ति पर आए हुए कर्मचारियों को उनके मूल कार्यालय एवं उनकी मूल संस्था में वापस भेजा जाए, क्योंकि लम्बे समय से अपनी मूल संस्था एवं कार्यालय छोड़कर अन्य जगहों पर दूसरे पदों पर अपनी सेवा देने से उनकी मूल संस्था एवं कार्यालय के हर कार्य बाधित हो रहे हैं, जबकि कर्मचारियों को वेतन उनकी मूल संस्था या कार्यालय में कार्य करने के लिए दिया जाता है न की अन्यत्र कार्य करने के लिए। अतः संगठन प्रदेश के हर जिले के कलेक्टर से मांग करता है कि सभी कर्मचारी जो प्रतिनियुक्ति पर आए हैं उन्हें उनके मूल कार्यालय/ संस्था वापस भेजा जाए। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, प्रांतीय सचिव उमेश सिंह ठाकुर, रऊफ खान, राकेश श्रीवास, मीनुकान्त शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, योगेश ठाकरे, दीपेश जैन, विनोद सिंह, गोपीशाह, राकेश गुप्ता, मनमोहन चौधरी, आशीष कोरी, संतोष चौरसिया, देवेंद्र भट आदि ने मांग की है कि कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति समाप्त की जाए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया बहनों की रक्षा का संकल्प

### नेत्रहीन कन्याओं के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

हरिभूमि, जबलपुर।

भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के नेतृत्व में नगर मंत्री रंजीत पटेल के संयोजन में ज्ञानदीप स्पर्श कन्या छात्रावास में नेत्रहीन बहनों के साथ भाई बहनों का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन मनाया गया। जिसमे उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता ने नेत्रहीन बहनों से राखी बंधवाई एवं उनकी रक्षा का संकल्प लेते हुए उपहार स्वरूप वस्त्र भेंट किए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व एक ऐसा पर्व है जो भाई-बहनों के प्रेम को प्रगाढ़ करते हुए भाई को बहन की रक्षा हेतु प्रेरित करता है बहन एक रेशम की डोर से भाई को अपने जीवन का महत्व बताती है। इस अवसर पर रंजीत पटेल, सुजीत जैन भाऊ, बंटू तारे, शिवेंद्र सिंह, आयुष चौबे, अंशुमान शुक्ला, शरद पटेल, कमल सिंह, प्रतीक पांडेय, लालू जैन, दीपू कनोजिया, अनिकेत चौरसिया, राहुल पटेल ,चिन्मय जोशी आदि उपस्थित थे।





## छात्रों ने सैनिकों को बांधी स्वनिर्मित तिरंगा राखियां

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने दिखाया देशप्रेम

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस रक्षाबंधन पर देशप्रेम की मिसाल पेश करते हुए ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर पहुंचकर शौर्य चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट कर्नल विक्रम बहादुर सिंह एवं अन्य सैनिकों को स्वनिर्मित तिरंगा राखियां बांधीं। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी के साथ कई प्राध्यापक भी मौजूद रहे। प्रो. अरुण शुक्ला ने बताया कि, "यह हमारे छात्रों के लिए बड़े गर्व की बात है कि उन्होंने अपने हाथों से राखियां बनाकर देश के रक्षकों को सम्मानित किया।



## राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना हर घर तिरंगा अभियान

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ किया गया "हर घर तिरंगा" अभियान देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन चुका है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के आह्वान पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन नारायण सिंह कुशवाहा के मार्गदर्शन में अवधेश यादव भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने आज जबलपुर ग्रामीण अंचल केलवास पनागर विधानसभा क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान चलाया। प्रदेश नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे अभियान के साथ आज जबलपुर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल केलवास के सभी छात्र-छात्राएं, स्कूल के सभी सम्मानित स्टाफजन, ग्राम पंचायत के सरपंच गोपाल यादव, उपसरपंच जिनेंद्र यादव, घनश्याम बर्मन, ग्राम के सभी वरिष्ठजन, सभी मातृशक्ति, नन्हे मुन्ने बच्चों ने मिलकर जन जागरण रैली के साथ पूरे ग्राम पंचायत में अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस पहल को एक जनआंदोलन का रूप दिया। भारत माता की जयकारों के साथ जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना से हर घर तिरंगा फहराया, स्वतंत्रता दिवस पर हर दिल में देशभक्ति की लौ जगाने एक दीप प्रज्वलित करने का अनुरोध किया।

## परचम कुशाई के साथ उर्स का आगाज

जबलपुर।

हजरत सैय्यद अली हसन शाह अशरफी उल जिलानी घोड़ा अस्पताल वाले बाबा के 205वें उर्स के पहले दिन परचम कुशाई के साथ उर्स का आगाज हुआ। इस दौरान जेरे सरपरस्ती सूफी मोहसिन मियाँ कादरी चिश्ती की अगुवाई में परचम कुशाई की गयी, वहीं इस दौरान सैय्यद आजाद अली, अब्दुल रशीद, बादशाह खान, सूफ़ी जावेद चिश्ती, सूफ़ी रज़ा कादरी, मो. शरीफ (पत्रकार), सूफी मुशाहिद, सूफ़ी आदिल सहित सैकड़ों अकीदतमंद मौजूद रहे। परचम कुशाई के बाद मुल्क की तरक्की और खुशहाली की दुआएँ माँगी गईं। जुमे को सुबह 9 बजे कुरान ख्वानी का एहतेमाम किया गया एवं रात्रि 9 बजे नातिया मुशायरा आयोजित हुआ।



## निर्धन बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व



**जबलपुर।** एसवी नायडू मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा शांतिनगर बस्ती में रह रहे निर्धन बच्चों के साथ सदस्यों ने रक्षाबंधन पर्व मनाया। लगभग 50 बालक-बालिकाओं को उपहार एवं शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। संस्था अध्यक्ष रमेश नायडू एवं अन्य सदस्यों ने बच्चों को जीवन मूल्यों पर आधारित नैतिक ज्ञान का संदेश दिया। सर्वधर्म की भावना के साथ त्यौहार मनाने की सलाह दी। उक्त कार्यक्रम में जगन्नाथ प्रसाद राठौर, भरत गुप्ता, रमेश नायडू, ललिता, विजयलक्ष्मी, राघवेन्द्र राव, धर्मा राव, आयुषी, साईशेखर, दिव्यांशु, स्नेहा, अनुज शर्मा सहित अनेक बच्चे उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली

**जबलपुर।** नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी द्वारा सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल ग्वारीघाट रोड फॉरेस्ट ऑफिस के पास स्कूल डायरेक्टर तरंग ग्रोवर और प्राचर्य देवेन्दर कौर सेठी के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजन किया गया। संस्था से हेमंत सोलंकी ने विद्यार्थियों को तम्बाकू से निर्मित उत्पादों व मादक पदार्थों के दुष्परिणामों को बताया। काउंसलर श्वेता मिश्रा ने बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों के उत्तर दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम में हेमंत सोलंकी, श्वेता मिश्रा, नीरज रजक, सत्यप्रकाश स्कूल प्राचार्य देवेन्दर कौर सेठी, हर्ष तिवारी, श्वेता विनोदिया, कंगना महाजन आदि उपस्थित रहे।



### रागिनी कश्यप राष्ट्रीय उपमहामंत्री बनीं

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश माझी मछुआ नाविक श्रमिक संघ के प्रदेशाध्यक्ष एसएल बर्मन ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध अखिल भारतीय मत्स्य मजदूर महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन 12 एवं 13 जुलाई को रामेश्वरम तमिलनाडु में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं प्रस्ताव पारित किए गए। अंत में संगठन की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश से जबलपुर की रागिनी कश्यप को राष्ट्रीय उपमहामंत्री निर्वाचित किया गया।



## विश्व आदिवासी दिवस आज, होंगे विभिन्न आयोजन

**जबलपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में 09 अगस्त को गढ़ा गोंडवाना संरक्षक संघ द्वारा विभिन्न सामाजिक, आर्थिक उत्थान कार्यक्रम, संगोष्ठी एवं रंगारंग कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह चौक मालगोदाम में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी महापुरुषों को श्रद्धासुमन व माल्यार्पण कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील किशोरीलाल भलावी, एड. बालकिशन चौधरी, नेमसिंह मरकाम, उत्तम सिंह ताराम, राजेन्द्र चौधरी, कोमल कोरचे, अजय झारिया, बीएस मरावी, रमा धुर्वे, मुकेश बट्टी, एड. नारायण चौधरी सहित अन्य ने की है।


कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/102
दिनांकः- 08/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शाश्वत जैन पिता श्री खेमचंद जैन ने मकान नं. यूनिट 1-11/1070 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 635 व.फु. भूतल 600 व.फु. प्रथमतल 600 व.फु. द्वितीय तल 600 व.फु. तृतीय तल 600 व.फु.विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/101
दिनांकः- 08/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1.श्री सौरभ कुमार जैन 2. गौरव जैन दोनो के पिता स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार जैन मकान नं. 2891/1, 2891/2 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी मैजनाईन 750 व.फु. भूतल 1970 व.फु. प्रथमतल 884 व.फु. शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/106
दिनांकः- 08/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री जगदीश कुमार खत्री 2. श्री जयकिशन खत्री दोनो के पिता स्व. श्री गिण्डल दास मकान नं. 405/ए, वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 212 व.फु. प्रथमतल 212 व.फु. द्वितीय तल 212 व.फु. शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/105
दिनांकः- 08/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमति प्राची मुलतानी पति श्री विनय कुमार मुलतानी 2. श्री विनय कुमार मुलतानी पिता श्री मुरलीधर मुलतानी मकान नं. 361/ए, वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 503+400 व.फु. प्रथमतल 903 व.फु. द्वितीय तल 903 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/104
दिनांकः- 08/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमति निशा अग्रवाल पति श्री रॉबिन अग्रवाल मकान नं. 264/टी-3, वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 675 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/103
दिनांकः- 08/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमति रोहाणी देवी त्रिपाठी पति श्री ब्रजेश वल्लभाचार्य त्रिपाठी मकान नं. 887/4 एफ/एफ-402, वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती चतुर्थ तल 1000 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर